26.6.14

CHD NEWSLINE

# PGI spreads awareness on World Vitiligo Day

EXPRESS NEWS SERVICE
CHANDIGARH, JUNE 25

ON THE occasion of World Vitiligo Day, faculty from PGIMER organised various activities to spread awareness about the disease.

Professor Y K Chawla, director PGIMER, flagged off a rickshaw rally with a poster show on vitiligo messages. Professor Torello Lotti from Italy gave a lecture on the importance of early treatment of vitiligo.

An information booklet on vitiligo was released and a short play on the myths of vitiligo was also staged.

Dr Davinder Parsad, Additional Professor, Department of Dermatology, PGIMER, talked about the importance of this new era of vitiligo research and treatment.

On the other hand, Dr Yan Valle, CEO of VR Foundation, requested the vitiligo patients to sign a petition to the Secretary- General of United Nations to urgently pursue multilateral efforts in vitiligo healthcare, education and awareness.

On Wednesday, experts answered several queries of patients and made them aware about the disease. They said that it does not spread by touching, or caused due to deficiency of Vitamin C or milk products.

The Department of Dermatology at PGI runs a special clinic for vitiligo patients every Friday. Vitiligo affects 1% to 4% of world's population, and has huge psycho-social stigma attached to it. Moreover, there are many misconceptions about this disease.

"The stigma is more severe in the case of young women and children. There are various myths about this disease like unnecessary dietary restriction and social stigma attached to it," experts said.

पंजाब केसरी

# मनाया वर्ल्ड विटिलिगो-डे

चंडीगढ़, 25 जून (अर्चना सेठी): पी.जी.आई. के स्किन विभाग ने भार्गव ऑडिटोरियम में वर्ल्ड विटिलिगो दिवस के तहत विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। पी.जी.आई. डायरैक्टर प्रो. योगेश चावला ने दिवस का संदेश देने के लिए एक रिक्शा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में विटिगिलो के प्रति जागरूक करने वाले बैनर्स व पोस्टर लगाए गए थे। उसके बाद ऑडीटोरियम में आए पेशैंट्स को नाटक के जरिए फुलवैहरी के साथ जुड़ी भ्रांतियां दूर करने का संदेश दिया। नाटक के कलाकारों ने बताया की फुलवैहरी ऐसी बीमारी है जिसे इलाज के साथ फैलने से रोका जा सकता है। स्किन रोग विशेषज्ञ डा.राजन ने स्वयं नाटक में डाक्टर की भूमिका अदा की। शहर के स्किन रोग विशेषज्ञ डा. स्वामी दास मेहता, जी.एम.सी.एच.-32 के स्किन विशेषज्ञ डा.जी.पी.धामी भी यहां मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान संयुक्त राष्ट्र के वैज्ञानिक डा. यान वेल, इटली के वैज्ञानिक टोरेलो लोटी ने भी उपस्थिति दर्ज कराई। CK

आज समाज

# वर्ल्ड विटिलिगो डे पर किया जागरूक

**पीजीआई में जागरुकता रैली**

**इटली से आए प्रो. बोले रोग का जल्द इलाज कराएं**



चंडीगढ़। वर्ल्ड विटिलिगो (फुलवैहरी डे) के मौके पर इससे बचने के लिए विशेष जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन पीजीआई में किया गया। पीजीआई डायरेक्टर प्रो. वाईके चावला ने झंडी दिखाकर जागरुकता रिक्शा रैली को रवाना किया। इटली से आए प्रो. तोरेलो लोटी ने इस रोग के जल्दी इलाज के महत्व को बताया। इस मौके पर रोग संबंधी जानकारी देने वाली बुकलेट भी रिलीज की गई। रोग से जुड़े विभिन्न मिथ्यो को दूर करने के लिए एक शॉर्ट प्ले भी प्रस्तुत किया गया। डिपार्टमेंट ऑफ डर्मोटोलॉजी से डॉ. देविंद्र प्रसाद ने इस क्षेत्र में हुई नई रिसर्च और इलाज संबंधी नई तकनीकों की जानकारी दी। पीजीआई के डर्मोटोलॉजी विभाग को विश्वभर में विटिलिगो के सर्जिकल मैनेजमेंट में रिसर्च और मेडिकल के लिए बेस्ट सेंटर माना जाता है। विभाग हर शुक्रवार को विशेष विटिलिगो क्लीनिक चलाता है। AS